# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
# जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)

कार्या.दूरभाष क्रमांक 07782–222281, ई–मेल cmhobastar@gmail.com

## //अस्थाई नियुक्ति विज्ञापन//

कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर, जिला–बस्तर के पत्र क्र./ मु.चि.स्वा.अ./स्था/2023/1667, जगदलपुर, दिनांक 14.03.2023 द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत बस्तर जिले में ANM, Laboratory Technicians, OT Technician (LaQsya FRUs), Dental Assistant (Technician), TBHV, Dental Assistant, Lab Assistant, Ward Assistant, Attendant-NRC, Class- IV - NUHM, Counselor - NHM, Aya Bai, Cleaner, Support Staff (Housekeeping staff), Secretarial Assistant -NMHP/NHM/NCD, Jr. Secretarial Assistant - PADA/LDC के पदों पर वर्ष 2022–23 हेतु अस्थाई रूप से कलेक्टर दर पर सेवाये ली जानी हैं, जिस हेतु विज्ञापन जारी किया जा रहा है। इच्छुक आवेदक दिनांक 22.03.2023 से 26.03.2023 तक स्थल – श्यामा प्रसाद मुखर्जी, टाऊन हॉल, जिला पंचायत ऑफिस के सामने, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग) में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के पूर्व एवं पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जाएंगें। मूल प्रमाण पत्रो से सत्यापन उसी दिवस पर उपस्थित होकर कराना अनिवार्य होगा।

कार्यालय द्वारा विज्ञापन से संबंधित समस्त जानकारी जिले के वेबसाईट **www.bastar.gov.in** पर उपलब्ध कराई गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
# जगदलपुर, जिला—बस्तर(छ.ग.)

क्र. / मु.चि.स्वा.अ. / स्था / 2023 / 1667 जगदलपुर, दिनांक 14/03/2023

## //विज्ञापन//

मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रायपुर छ.ग. का पत्र क्रमांक / NHM / 2023 / NS-1749 / 4932, दिनांक 15.02.2023 के परिपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले में स्वीकृत आरोपी वित्तीय वर्ष 2022—23 हेतु रिक्त पदों को अस्थाई रूप से कलेक्टर दर पर रखे जाने की अनुमति उपरांत तालिकानुसार रिक्त पदों की (15000 रूपए से कम वेतनमान) अस्थाई रूप से कलेक्टर दर पर सेवाये ली जानी हैं।

रिक्त पदो का विवरण एवं निर्धारित अर्हताएं / योग्यताएं निम्नानुसार हैं—

### भाग—अ

### तालिका "अ"

| क्र. | सेवा में लिए जाने वाले पद का नाम | रिक्त पद | मानदेय प्रतिमाह कलेक्टर दर | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ANM | 17 | 11130 | 12th passed, ANM Passed & INC affilited training center & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registrastion Council. | - |
| 2 | Laboratory Technicians | 10 | 11130 | D.M.L.T. or B.M.L.T. Course with Ragistrastion in CG Paramedical council. if candidate not available than candidates with Paramedical Course in Pathology and live registration in CG Paramedical Council will be considered. | - |
| 3 | OT Technician (LaQsya FRUs) | 1 | 11130 | 1. 10+ 2 pass in Biology, Chemistry and Physics, 2. Paramedical Course in OT Technicians and live registration in Paramedical Council. | - |
| 4 | Dental Assistant (technician) | 1 | 11130 | Diploma dental technology from a recognised institution. prefeance given to candidate having atleast two year post qualification experience. | - |
| 5 | TBHV | 1 | 11130 | 1. Graduate Or 2. Intermediate (10+2) and experience of working as MPW/LHV/ANM/Health worker/Certificate or higher course in Health Education/Counselling, Or 3. Tuberculosis health visitors recognized course. 4. Certificate course in computer operation (minimum 2 months) | Training course for MPW or recognised sanitary inspectors course. |
| 6 | Dental Assistant | 3 | 10350 | Matriculation (12th pass) form Recognised Board. | Two years experience in a government dentl college/clinic. |
| 7 | Lab Assistant | 2 | 10350 | 12th passed with science | - |
| 8 | Ward Assistant | 3 | 10350 | 12th passed and 01 year work experience in hospital | - |
| 9 | Attendant - NRC | 1 | 9700 | 12th passed with science or home science | - |
| 10 | Class - IV - NUHM | 1 | 9700 | 5th passed | - |

| क्र. | सेवा में लिए जाने वाले पद का नाम | रिक्त पद | मानदेय प्रतिमाह कलेक्टर दर | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Counselor - NHM | 2 | 11130 | PG Degree/Diploma in Psychologye/Counseling/Health Eduction/Mass Communication/Social Science. | - |
| 12 | Aya Bai | 8 | 9700 | 8th Passed | - |
| 13 | Cleaner | 5 | 9700 | 8th Passed | - |
| 14 | Support Staff (Housekeeping staff) | 8 | 9700 | 8th passed. | - |
| 15 | Secretarial Assistant - NMHP/NHM/NCD | 5 | 11130 | Graduate with atleast 1 year diploma in computer application. | हिंदी टायपिंग अनिवार्य |
| 16 | Jr. Secretarial Assistant - PADA/LDC | 8 | 11130 | 12th passed, with atleast 1 year diploma in computer application. | हिंदी टायपिंग अनिवार्य |
| | TOTAL | 76 | - | - | |

## तालिका "ब"

| क्र. | सेवा में लिए जाने वाले पद का नाम | निर्धारित तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ANM | 22.03.23 | 1.पंजीयन - 9.00AM TO 1.00PM 2.दावा आपत्ति प्रकाशन (संभावित समय) - 4.00PM 3.दावा आपत्ति निराकरण एवं अंतिम मेरिट सूची प्रकाशन (संभावित समय )- 5.00 TO 7.00 |
| 2 | Laboratory Technicians | 23.03.23 | 1.पंजीयन - 9.00AM TO 1.00PM 2.दावा आपत्ति प्रकाशन (संभावित समय) - 4.00PM 3.दावा आपत्ति निराकरण एवं अंतिम मेरिट सूची प्रकाशन (संभावित समय )- 5.00 TO 7.00 |
| 3 | OT Technician (LaQsya FRUs) | | |
| 4 | Dental Assistant (technician) | | |
| 5 | TBHV | | |
| 6 | Dental Assistant | 24.03.23 | 1.पंजीयन - 9.00AM TO 1.00PM 2.दावा आपत्ति प्रकाशन (संभावित समय) - 4.00PM 3.दावा आपत्ति निराकरण एवं अंतिम मेरिट सूची प्रकाशन (संभावित समय ) - 5.00 TO 7.00 |
| 7 | Lab Assistant | | |
| 8 | Ward Assistant | | |
| 9 | Attendant - NRC | | |
| 10 | Class - IV - NUHM | | |
| 11 | Counselor - NHM | 25.03.23 | 1.पंजीयन - 9.00AM TO 1.00PM 2.दावा आपत्ति प्रकाशन (संभावित समय) - 4.00PM 3.दावा आपत्ति निराकरण एवं अंतिम मेरिट सूची प्रकाशन (संभावित समय )- 5.00 TO 7.00 |
| 12 | Aya Bai | | |
| 13 | Cleaner | | |
| 14 | Support Staff (Housekeeping staff) | | |
| 15 | Secretarial Assistant - NMHP/NHM/NCD | 26.03.23 | 1.पंजीयन - 9.00AM TO 1.00PM 2.दावा आपत्ति प्रकाशन (संभावित समय) - 4.00PM 3.दावा आपत्ति निराकरण एवं कौशल परीक्षा(1 अनुपात 5) हेतु अंतिम मेरिट सूची प्रकाशन (संभावित समय )- 5.00 TO 7.00 |
| 16 | Jr. Secretarial Assistant - PADA/LDC | | |

टीप :— दावा आपत्ति प्रकाशन/निराकरण एवं अंतिम मेरिट सूची प्रकाशन हेतु समय संभावित है। आवेदन की संख्या अधिक होने की स्थिति में समय एवं तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

अतः उपरोक्तानुसार इच्छुक समस्त अर्हताधारी निर्धारित आवेदन की तिथि में आवेदन पत्र के साथ समस्त अनिवार्य शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताओ की स्वप्रमाणित समस्त दस्तावेज की छायाप्रति तथा मूलप्रति के साथ निर्धारित समय में **स्थल – श्यामा प्रसाद मुखर्जी, टाऊन हॉल, जगदलपुर** में उपस्थित होकर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के पूर्व एवं पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जाएंगें। मूल प्रमाण पत्रो से सत्यापन उसी दिवस पर उपस्थित होकर कराना अनिवार्य होगा, अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी, इसमें सहीं पाये जाने पर ही चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। आवेदन से संबंधित समस्त दिशानिर्देश, नियम एवं शर्ते कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बस्तर छ.ग. के सूचना पटल तथा जिले की वेबसाईट **www.bastar.gov.in** पर देखे जा सकता हैं।

**नोटः–** अभ्यर्थी निरंतर जिले की वेबसाईट **www.bastar.gov.in** का अवलोकन करते रहे विज्ञापन से संबंधित समस्त जानकारी जिले के वेबसाईट **www.bastar.gov.in** के माध्यम से ही दी जावेगी। समय अनुसार इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थियों की होगी। अन्य किसी भी माध्यम से कोई जानकारी आवेदक को प्रेषित नही की जावेगी।

## भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा–निर्देश

1. विज्ञापित पद हेतु केवल छ.ग. राज्य के मूल निवासी ही पात्र होंगें।
2. आवेदन हेतु निर्धारित तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है। अर्हता सिद्ध करने वाले समस्त प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर में सुधारी जा सकती है। ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रकिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं होगा।
4. **ऐसे अभ्यर्थी जिनका अंकसूची ग्रेडिंग पद्धति का है, को ग्रेडिंग गणना पद्धति द्वारा प्रतिशत का उल्लेख करना अनिवार्य है तथा इस संबंध में संबंधित शैक्षणिक संस्था/स्कूल से संस्था प्रमुख द्वारा जारी गणना पत्रक/चार्ट की सत्यापित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि में आवेदन के साथ गणना पत्रक प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदक को अपात्र किया जावेगा।**
5. एक से अधिक पदों में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिये अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। **प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन शुल्क देय होगा।**
6. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र मान्यता प्राप्त संस्था से होना चाहिये।
7. विज्ञापित पदों पर चयन हेतु जिले के पात्र मूल निवासियों को प्राथमिकता दिया जावेगा। जिले में पात्र मूल निवासी नहीं मिलने की स्थिति में राज्य के अन्य जिलों के पात्र अभ्यर्थियों को मेरिट क्रमानुसार प्राथमिकता दिया जावेगा।
8. **आवेदन शुल्क** – आवेदक को आवेदन शुल्क 100 रूपए नगद जमा किया जाना होगा जिसकी रसीद आवेदन हेतु निर्धारित तिथि को पंजीयन के समय दी जावेगी। रसीद कि कॉपी आवेदन फार्म के साथ संलग्न करना होगा। बिना आवेदन शुल्क रसीद के आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।
9. सेवा प्रदाता सेवा काल समाप्त होने के पूर्व किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस अथवा नोटिस के स्थान पर एक माह का वेतन जमा कर/देकर सेवा समाप्त की जा सकती हैं।
10. सेवा प्रदाता को सेवा समाप्ति के पश्चात् सेवक के रूप में जितनी अवधि तक सेवा दी गई है उस अवधि के लिए किसी भी प्रकार का पेंशन, उपादान या मृत्यु संबंधी लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
11. उपरोक्त तालिकानुसार न्यूनतम कलेक्टर दर पर विज्ञापन जारी किया गया है, जो कि समय–समय पर कलेक्टर दर अनुसार परिवर्तनीय होगी।
12. तालिका "अ" अनुसार पद क्रमांक 01 से 14 तक का चयन अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के मेरिट आधार पर किया जावेगा।

13. तालिका "अ" अनुसार पद कमांक 15 एवं 16 का चयन अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के 80 प्रतिशत अंक एवं कौशल परीक्षा 20 प्रतिशत अंक के आधार पर किया जावेगा। कौशल परीक्षा की तिथि की सूचना पृथक से अभ्यर्थियों को दी जावेगी।

14. जिस पद पर कौशल परीक्षा के आधार पर चयन किया जाना है उस पद हेतु 01 पद के विरूद्ध 05 अभ्यर्थियों का चयन अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के मेरिट सूची के आधार पर कौशल परीक्षा के लिए किया जावेगा।

15. कौशल परीक्षा में **निर्धारित 20 अंक में से आवेदक को 30% अंक (06 अंक)लाना अनिवार्य** है। 30% से कम अंक पाने वाले आवेदक **अपात्र** होंगे।

16. उपरोक्त पद रिक्त होने की स्थिति में क्रमानुसार मेरिट आधार पर पद पूर्ति की जावेगी, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नियमित संविदा पद पूर्ति तक ही मान्य होगी।

17. **आयु सीमा** – अस्थायी भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होगी। आयु गणना हेतु आधार वर्ष 01.01.2023 की स्थिति में होगा। आयु सीमा में छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा समय समय पर जारी निर्देश लागू होंगे ।

18. उपरोक्त पदों पर आवेदन के साथ क्रमवार प्रमाण संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा तथा दस्तावेज सत्यापन के समय अभिलेखों की मूलप्रति के साथ अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
    - 18.1 10वीं अंकसूची/08वीं अंकसूची/जन्म प्रमाण पत्र। (जन्म तिथि के प्रमाण हेतु)।
    - 18.2 संबंधित अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के परीक्षा के समस्त वर्षों की अंकसूची।
    - 18.3 संबंधित डिप्लोमा/डिग्री।
    - 18.4 संबंधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र । (संबंधित है तो)
    - 18.5 सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थानी जाति प्रमाण पत्र । (संबंधित है तो )
    - 18.6 छ.ग. राज्य का मूल निवासी प्रमाण पत्र।

19. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जायेगी। जिन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि पहले होगी (उम्र में बड़े होंगे) उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

20. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा।

21. विज्ञापित पद पूर्णतः अस्थायी एवं अस्थानांतरणीय होगी।

22. सेवा प्रदाता 89 दिवस के लिये होगी जो पूर्णतः अस्थाई होगी, आवश्यकता होने पर आगामी दिवसों में सेवा वृद्धि किया जावेगा।

23. **नियमित/संविदा भर्ती के संबंध में सामान्य प्रशासन/वित्त विभाग की अनुमति प्राप्त हो जाने पर कलेक्टर दर पर रखे जाने वाले उक्त कर्मियों की सेवा समाप्त कर नियमित/संविदा भर्ती की कार्यवाही की जावेगी।**

24. **कलेक्टर दर पर रखे गये कर्मियों द्वारा नियमितीकरण की मांग तथा सेवा समाप्त न किये जाने हेतु कोई मांग नहीं की जावेगी न ही किसी धरना प्रदर्शन इत्यादि में शामिल होंगे तथा इस बाबत् चयन उपरांत शपथ पत्र दिया जाना अनिवार्य होगा।**

21. चयन प्रकिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से दबाव डलवाया जाता है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

22. भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति, जिला बस्तर को होगा, जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

23. भर्ती के संबंध में समस्त सूचना/जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर, जिला–बस्तर(छ.ग.) के सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाईट **www.bastar.gov.in** में समय–समय पर प्रकाशित किया जावेगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य के माध्यम से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

**(चयन समिति द्वारा अनुमोदित)**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जगदलपुर, जिला–बस्तर(छ.ग.)

छत्तीसगढ़ समाचार

# ''राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कलेक्टर दर पर अस्थायी भर्ती''

(कार्यालयीन विज्ञापन कमांक ................................, दिनांक ............................................)

## आवेदन पत्र

वर्तमान का पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं हस्ताक्षर कर चिपकायें

**पंजीयन कमांक** – ..........................................................................(कार्यालय द्वारा प्रदान किया जावेगा।)

**आवेदित पद का नाम** :– ..........................................................................................................

**कार्यक्रम का नाम** :– ..........................................................................................................

1. आवेदक का नाम :– ..........................................................................................
2. पिता / पति का नाम :– ..........................................................................................
3. जाति (अजा / अजजा / अपिव / सामान्य) :– ..........................................................................................
   आवेदित वर्ग (जाति) का नाम :– ..........................................................................................
4. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित :– ..........................................................................................
   पंजीयन क्रमांक एव दिनॉक :– ..........................................................................................
5. जन्म तिथि :– ..........................................................................................
6. आयु (01.01.2023 की स्थिति मे) :– वर्ष .............................. माह .............................. दिन ..............
7. स्थाई पता :– ..........................................................................................
   ..........................................................................................
   ..........................................................................................
8. पत्र व्यवहार का पता :– ..........................................................................................
   ..........................................................................................
   ..........................................................................................
9. फोन नं. व ई–मेल आई डी :– ..........................................................................................
   ..........................................................................................
10. लिंग (महिला / पुरूष) :– ..........................................................................................
11. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी (हॉ / नही) :– ..........................................................................................
12. शैक्षणिक योग्यता का विवरण

| क्रं. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड / विश्वविद्यालय / संस्था का नाम | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

**(प्रमाण पत्र एवं अंक सूची संलग्न करे।)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | क्या अभ्यार्थी के विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण दर्ज है। | :– | हॉ / नही |
| 14. | यदि हॉ तो अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रं. एवं निर्णय की जानकारी का उल्लेख करे। | :– | ................................................................................................ ................................................................................................ |

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**घोषणा–पत्र**

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी शर्तो को पढ़ लिया है। इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है कोई भी जानकारी असत्य होने के दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं किसी भी समय मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी।

**आवेदक कानाम व हस्ताक्षर**

**दिनॉक :–**
**स्थान :–**

**संलग्न प्रमाण पत्रो की सूची**

| | | |
|---|---|---|
| 1. .............................................. | 2. .............................................. | 3. .............................................. |
| 4. .............................................. | 5. .............................................. | 6. .............................................. |
| 5. .............................................. | 6. .............................................. | 7. .............................................. |